# वीयू – विश्व योग दिवस पर योग सत्र एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन






11 वें विश्व योग दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विशेष योग सत्र एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक शांति, संतुलन और सकारात्मक जीवन शैली का भी मूल आधार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम **"Yoga for One Earth and One Health"** के अनुरूप यह कार्यक्रम न केवल आत्मचिंतन एवं स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामाजिक जागरूकता के लिए भी एक सार्थक पहल है। माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा जी ने कहा कि जीवन की आपाधापी में संतुलन बनाए रखने एवं मानसिक तनाव को दूर करने हेतु योग आज के युग की अत्यंत आवश्यक जीवन पद्धति बन चुकी है। उन्होंने छात्रों एवं युवाओं से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय परिसर एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर प्रांगण में सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्राणायाम के साथ साथ ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार आदि योगाभ्यासों को प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा कराया गया। पशु चिकित्सा एवं

पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एस. तोमर, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. गिरधारी दास, डॉ. राखी वैश्य महाविद्यालय योगाचार्य आरती तिवारी एवं श्री प्रवीण सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे, तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे के संयोजन में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारी एवं अतिथि डॉ सुदीप्ता घोष, डॉ. बी. रॉय, डॉ. अक्षय गर्ग, एवं सह प्राध्यापक डॉ. माधुरी शर्मा, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, प्रियंका गौतम तथा सत्येन्द्र कटारा उपस्थित रहे, योगाभ्यास योग प्रशिक्षिका विशाखा जाटव द्वारा कराया गया, कर्मचारी संवर्ग सांभवी सेवड़े, अर्चना शर्मा, इमरान खान, गुड्डू केवट सहित महाविद्यालय के छात्र—छात्राओं एवं स्वयंसेवकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।



इस अवसर पर सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं स्वयंसेवकों ने प्रतिज्ञा ली कि वे नियमित रूप से योग करेंगे एवं समाज में इस संदेश को प्रेषित करेंगे, मंच संचालन तथा आभार डॉ. सोना दुबे एवं प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर